'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

प्रकाशन तिथि–28 फरवरी, 2013

DL(ND)-11/6144/2013-14-15

R.N.I. No. 68180/98

मूल्य : पाँच रूपये

प्रेषक : डॉ0 उदित राज (राम राज) चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, फोन : 23354841-42

Website : www.uditraj.com E-mail: dr.uditraj@gmail.com

● वर्ष : 16 ● अंक 7 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● 16 से 28 फरवरी, 2013



जहां मन हिंसा से मुड़ता है, वहां दुःख अवश्य ही शांत हो जाता है।

-गौतम बुद्ध

जम्मू में राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने लिए अहम फैसले

डॉ. उदित राज

17 फरवरी को प्रादेशिक सम्मेलन संपन्न होने के उपरांत नेशनल स्टियरिंग कमिटी की बैठक शुरू हुई और 18 फरवरी को तीन बजे तक चला। इस बार के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के बैठक के मुद्दे इस तरह से थे कि कैसे नौजवानों और विद्यार्थियों को संगठित किया जाए, सोशल मीडिया का इस्तेमाल हो, कैडर लगना जरूरी है और दलित–आदिवासी व्यापारियों को संगठित करना। गत् कई वर्षों से परिसंघ निजी क्षेत्र में आरक्षण की लड़ाई लड़ रहा है लेकिन जिसको इसका लाभ मिलने वाला है उन्हें हम संगठित करने में असफल रहे हैं। परिसंघ का नेतृत्व भी पुराना होता जा रहा है और बहुत सारे कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सेवानिवृत हो गए हैं। जिस तरह से नेतृत्व सेवानिवृत हुआ है उस अनुपात में नए लोगों को नहीं जोड़ा गया, यह हमारी भूल भी रही है। निजीकरण की वजह से नौकरियां वैसे भी कम हो गई हैं और दूसरी तरफ शिक्षित नौजवानों की संख्या बढी है तो ऐसे में निजी क्षेत्र में आरक्षण कितना जरूरी है, समझना मुश्किल नहीं है। अन्ना का आंदोलन हो या अरविंद केजरीवाल का और हाल में निर्भया बलात्कार और हत्या का संघर्ष, इनमें नौजवानों और विद्यार्थियों की भागीदारी अहम रही जबकि इनके मुद्दे विद्यार्थियों और नौजवानों को सीधे प्रभावित भी नहीं कर रहे थे। दुःख की बात है कि निजी क्षेत्र में आरक्षण दलित–आदिवासी नौजवान एवं छात्रों को सीधे ही प्रभावित नहीं कर रहा बल्कि उनका पूरा भविष्य इस पर निर्भर कर रहा है। हालत आज यह है कि निजी क्षेत्र में आरक्षण नहीं तो पढ़ाई है बेकार। गत् 10 जनवरी को नांदेड़, महाराष्ट्र में हर्षवर्धन दवणे के नेतृत्व में विशाल सम्मेलन हुआ और संकल्प लिया गया कि इस वर्ष में देश के एक लाख विद्यार्थियों और नौजवानों को संगठित किया जाएगा। हमारे आंदोलन से सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपने स्तर पर इन्हें संगठित करते हुए सूचित करें।

लगातार 15 साल से हम ईमानदारी से तमाम अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ते रहे हैं। पूरे साल हमारी ऊर्जा संघर्ष में ही लगी रही जिसके वजह से कैडर कैंप इत्यादि नहीं हो पाए। कैडर किसी भी आंदोलन का वह भूमिका निभाता है जैसे शरीर में रक्त प्रवाह करने वाली नाड़ियां। कुछ कर्मचारी एवं अधिकारियों ने कैडर बनाने की मुहिम को बदनाम भी बहुत किया है। वे लगातार कैडर चलाते रहे, चंदा वसूलना उनका मुख्य धंधा हो गया है और साल में एक सम्मेलन। ब्राह्मणवाद के खिलाफ बात करने में माहिर लेकिन संघर्ष के नाम पर जीरो। इस कथन से कौन नहीं परिचित है कि सिद्धांत के बगैर व्यवहार का ज्यादा मतलब नहीं है और व्यवहार के बगैर सिद्धांत भी निरर्थक है। हम सिद्धांत और व्यवहार दोनों का सामंजस्य बनाकर के आगे बढ़ते रहे लेकिन कार्यकर्ताओं को जिस तरह से शिक्षित और दीक्षित करना चाहिए था, ना किया जा सका। यह कार्य कैडर कैंप और शिविर के माध्यम से ही किया जा सकता है। अभी तक हरियाणा, जम्मू एवं उत्तराखंड ने कैडर कराने की जिम्मेदारी ली है। लोगों से यह भी कहा गया है कि अपने–अपने सुझाव भेजें कि कैडर करने के लिए वर्तमान परिस्थिति के अनुसार किस तरह के ज्ञान और सामग्री की आवश्यकता है। माह मई तक सभी राज्यों को कैडर करा लेना है।

राष्ट्रीय अखबार एवं इलेक्ट्रॉनिक चैनल रात–दिन वही खबर दिखा रहे हैं जो ब्राह्मणवाद को मजबूत करे। कहीं से कोई किसी भी विवादित वक्तव्य को लेकर के रात–दिन उसी पर चर्चा चलाते रहते हैं जिसका मतलब ना आम जनता के समस्या से है, किसान तो इनकी वरीयता में तो आते ही नहीं, दलित–आदिवासी की खबर देना तो दूर की बात उल्टा आरक्षण के खिलाफ माहौल बनाने का काम जरूर करते हैं। एक समय था जब जमीनी स्तर पर कार्यकर्ता एवं नेताओं के काम करने की बात उठती थी लेकिन इलेक्ट्रॉनिक चैनल ने उसके भी महत्व को कम कर दिया। सेकेंडों एवं मिनटों में अपने वर्ग के नेता की बात पूरे देश के कोने–कोने में पहुंचा देते हैं। ऐसे में जमीनी कार्यकर्ता की बात कितनी दूर तक पहुंच पाती है। हाल में कांग्रेस ने जयपूर में चिंतन शिविर रखा और उसमें भी सोशल मीडिया के उपयोग की बात जोरो से उठीं। कांग्रेस इतनी बड़ी पार्टी होकर के सोशल मीडिया के महत्व को समझती है लेकिन हम इससे अंजान बने हुए हैं। जब मुख्य धारा के अखबार एवं इलेक्ट्रॉनिक चैनल हमारी बात को नहीं उठाएंगे तो सोशल मीडिया के अलावा और कोई विकल्प ही नहीं बचता। स्वाभिमान के साथ यदि देश में जिंदा रहना है तो सोशल मीडिया को जीवन का हिस्सा मानकर के चलना ही होगा। यह सस्ती और आसानी से उपलब्ध होने वाली मीडिया है। फेसबुक, इंटरनेट, टिव्टर, एसएमएस, मिस्ड कॉल, वेबसाइट आदि सोशल मीडिया हैं और जितनी जल्दी ही इसका उपयोग अपने विचार एवं आंदोलन के प्रचार–प्रसार के लिए करेंगे उतनी ही रफ्तार से हम अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करेंगे। परिसंघ के सभी कार्यकर्ता एवं वॉयस ऑफ बुद्धा के पाठक जल्द से जल्द अपना ईमेल एवं मोबाइल हमें मेल करें ताकि उनका डाटा बैंक बनाया जा सके और मिनटों में अपनी बात देश के कोने–कोने में पहुंचाया जा सके।

बहुत पहले की बात नहीं है कि जब यह माना जाता था कि राजनीतिक सत्ता की वह कुंजी है जिससे सारे ताले खुल जाते हैं लेकिन अब वह उतनी सच नहीं रह गयी। निजीकरण एवं ध्रुवीकरण की वजह से बड़े–बड़े औद्योगिक घराने खड़े हो गए हैं। राजनीति में काले धन का उपयोग बहुत बढ़ गया है जिसकी बहुत हद तक पूर्ति व्यापारियों के काले धन से होता है। जब राजनैतिज्ञ लोग इनसे सहयोग लेंगे तो मजबूर होकर के बात माननी होगी। यही वजह है कि तमाम सारे नीति एवं कानून पूंजीपतियों के पक्ष में बन रहे हैं। जब निजी क्षेत्र में आरक्षण की बात उठती है तो विरोध उद्योग जगत से ही होता है। इतना ही नहीं बल्कि मुश्किल और आगे बढ़ जाती है जब हम अपने छोटे–मोटे आंदोलन को आर्थिक अभाव में चलाने में असक्षम बने रहते हैं। सवर्ण पूंजीपति भला हमें क्यों संसाधन देंगे बल्कि वह उनको देंगे जो हमारे विरूद्ध हैं। ऐसे में अपने समाज से ही कारोबारी पैदा करना पड़ेगा। सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में कुछ काम तो हो गया है लेकिन आर्थिक मोर्चे पर शुरुआत तक नहीं हो पाई है। निजीकरण की वजह से आरक्षण तो खतरे में है और हम अपनी इस मांग को पूरा कराने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। हमें अपने छोटे कारोबारी का संगठन बनाकर उन्हें शिक्षित, प्रशिक्षित, ज्ञान, सरकारी सुविधाएं आदि से अवगत कराना होगा ताकि ये भी उद्योगपति बन सके। परिसंघ के सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि जहां तक संभव हो अपने कारोबारियों से बात करके संगठित करें और उनके नाम और पता भी हमें अग्रसारित करें। हमें जल्द ही कंफेडरेशन ऑफ दलित इन्टरप्रेन्योर की शुरुआत करनी है।

बांये से दांयेः आर. के. कलसोत्रा, डॉ. उदित राज(राष्ट्रीय अध्यक्ष, परिसंघ), इंदिरा अठावले

परिसंघ के सभी कार्यकर्ता एवं वॉयस ऑफ बुद्धा के पाठक जल्द से जल्द अपना ईमेल एवं मोबाइल हमें मेल करें।

जम्मू में परिसंघ ने लिया अहम फैसला

डॉ. उदित राज के भाषण को सुनती भीड़

भीड़ को संबोधित करते डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय अध्यक्ष,परिसंघ

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ (जम्मू ईकाई) ने 17 फरवरी को गुर्जर ट्रस्ट में प्रादेशिक सम्मेलन का आयोजन किया। जम्मू और कश्मीर देश में ऐसा राज्य है जिसका अपना संविधान है। 26 अक्टूबर, 1947 को इसको भारत का अंग माना गया। एक तरफ यह प्रदेश भारत का अंग है तो दूसरी तरफ केंद्र सरकार के द्वारा बनाए गए नियम को फिर से वहां की विधान सभा में पास कराया जाता है। वहां के एससी/एसटी कर्मचारी–अधिकारी वरिष्ठता एवं परिणामी लाभ से वंचित कर दिए गए हैं। वहां पर हाई कोर्ट ने नागराज के मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को भी नहीं माना और कैचअप रूल लागू कर दिया। कैचअप रूल का मतलब यह है कि भले ही एससी/एसटी के कर्मचारी–अधिकारी पदोन्नति में आरक्षण की वजह से वरिष्ठ बन जाते हैं लेकिन वे तब तक आगे पदोन्नति नहीं प्राप्त कर सकते जब तक कि सामान्य वर्ग के कर्मचारी–अधिकारी, जो पहले साथ थे, इस पद पर पहुंच नहीं जाते। 85वां संवैधानिक संशोधन द्वारा वरिष्ठता एवं परिणामी लाभ को बहाल किया लेकिन इस प्रदेश में अभी तक नहीं लागू हुआ है।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष आर. के. कलसोत्रा ने कहा कि मंडल कमीशन के सिफारिशों को लागू करने पर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों में दिया गया लेकिन इस प्रदेश में मात्र 2 प्रतिशत तक ही लागू है। कितना बड़ा अन्याय है, इसे समझना मुश्किल नहीं है। गुर्जर बकरवाल वहां का आदिवासी है लेकिन उन्हें राजनैतिक आरक्षण नहीं मिल रहा जबकि पूरे देश में मिला है। गत् कई वर्षों से परिसंघ की मांग है कि इन्हें राजनैतिक आरक्षण दिया जाए। सरकारी नौकरियों में जो आरक्षण है उसे भी पहाड़ी भाषा बोलने वालों को शामिल करके कमजोर किया जा रहा है। गुर्जर बकरवाल की मांग यह भी है कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से अनुसूचित जाति का भर्ती अंतरराज्य स्तर पर है उसी तरह से इनका भी किया जाए। वर्तमान में इनके लिए सरकारी नौकरियों में भर्ती अंतर जनपद में ही लागू है और इसलिए दूसरे जिले में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता।

आर. के. कलसोत्रा ने आगे कहा कि आगामी 25 मार्च को विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज को इसका नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में फैसला लिया गया कि प्रत्येक जिले एवं तहसील अभी से पूरी तैयारी में लग जाएं ताकि 25 मार्च को जम्मू की सड़कें जाम हो जाए ताकि सरकार हमारी वाजिब मांगों को माने।

फिल्म मुहूर्त का समापन

सुनील पारछा

मैज इंडिया फिल्मस ने अंबेडकर भवन, नई दिल्ली में गत् दिनों 21 फरवरी, 2013 को अपनी आगामी फीचर फिल्म का मुहूर्त कार्यक्रम का आयोजन किया। गेस्ट ऑफ ऑनर माननीय डॉ. उदित राज जी ने फिल्म के प्रोड्यूसर सुनील पारछा के इस प्रयास को सराहा और विश्वास दिलाया कि वह इस फिल्म को जो महिला सशक्तिकरण पर आधारित है, को पूर्ण रूप से सहयोग करेंगे।

डॉ. उदित राज ने फिल्म की पठकथा की तारीफ की और सकारात्मक उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले समय में इस फिल्म के माध्यम से नारी जीवन को एक चेतना भी मिलेगी।

प्रोड्यूसर–डाइरेक्टर सुनील पारछा इसी साल तीन और फिल्म लांच करने जा रहे हैं। मैज इंडिया फिल्मस के बैनर तले बनने वाली ये तीनों फिल्में समाज को शिक्षा देने व जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई जा रही है। फिल्म मुहूर्त के अवसर पर चीफ गेस्ट श्री राजकुमार वैरका जी, उपाध्यक्ष, नेशनल कमीशन ऑन फॉर एससी), श्री सुनील वैद्य (विधायक), श्री विनोद कुमार, श्री नेतराम नारायण, श्री एस. पी. राय, श्री एस. पी. सिंह, श्री ओ. पी. शुक्ला, श्री बालकिशन महार, श्री कमल चन्दोलिया सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। साथ ही सफाई कर्मचारी आयोग, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री हरनाम सिंह जी एवं सदस्य श्री हरी राय सुद जी भी शामिल हुए।

इन सभी बुद्धिजीवियों ने फिल्म को एवं श्री सुनील पारछा के द्वारा उठाए गए इस साहसी कदम को काफी सराहा और हर मुमकिन सहायता देने का भी विश्वास दिलाया।

अनुसूचित जाति का 41737 करोड़ एवं जन जाति का 17051 करोड़ रूपये का बजट में घपला

डॉ0 उदित राज, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ ने कहा कि देश के वित्तमंत्री श्री पी.चिदंबरम ने 28 फरवरी को 2013–14 का बजट प्रस्तुत किया। अनुसूचित जाति एवं जन जाति को जितना पैसा मिलना चाहिए था उसका लगभग आधा ही मिला और यह धांधली गत् कई सालों से चली आ रही है। शेड्यूल्ड कास्ट सब–प्लान (SCP) के अनुसार इन्हें आबादी के अनुपात में बजट से पैसा आबंटित करना चाहिए था। 2001 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जाति की आबादी 16.2 प्रतिशत है लेकिन आरक्षण एवं अन्य सरकारी सहूलियतें देने के लिए अभी भी 15 प्रतिशत का ही मानदंड माना जाता है। आज की योजनागत् बजट की राशि 555322 करोड़ रूपये है और यदि 15 प्रतिशत के हिसाब से भी देखा जाए तो अनुसूचित जाति को 83298.3 करोड़ रूपये मिलना चाहिए था जबकि 41,561 करोड़ रूपये का ही प्रावधान किया गया है। यह राशि लगभग आधी ही बनती है अतः 41737 करोड़ रूपये की लूट सीधे है।

डॉ0 उदित राज ने आगे कहा कि अनुसूचित जन जाति को 7.5 प्रतिशत का आधार मानकर ही सुविधाएं दिया जाता है जबकि आबादी 8.4 प्रतिशत हो गयी है। आज की योजनागत् बजट में इनको 24598 करोड़ रूपये ही मिले हैं और 17051 करोड़ की लूट इसमें भी है। इनकी आबादी के अनुसार इनको 41649.15 करोड़ रूपये का प्रावधान होना चाहिए था। ट्राइबल सब–प्लान (TSP) योजना के तहत बजट में पैसा इनकी आबादी के अनुसार मिलना चाहिए जबकि कभी मिलता नहीं है और यही योजना अनुसूचित जाति के संबंध में भी है। गत् कई वर्षों का घपला अगर हम देखें तो लाखों–करोड़ों रूपये में होगा। विभिन्न मंत्रालयों को कितना पैसा मिला और किन कार्यों के लिए मिला, वह बजट को विस्तार से पढ़ने पर ही पता लगेगा, तभी कुछ कहा जा सकता है। बहुत संभव है कि ऐसी योजनाएं न की गयी हों जिससे इनके जीवन में आमूल परिवर्तन हो। कुल बजट अर्थात् योजना और गैर योजना राशि के हिसाब से आबंटन देखा जाए तो बहुत ही निराशा जनक बात होगी। कुल 2013–14 बजट की राशि 16,65,297 करोड़ रूपये है। सन् 2012 में कांग्रेस की ही आंध्र प्रदेश की सरकार ने कानून बनाया कि अनुसूचित जाति एवं जन जाति की आबादी के अनुसार बजट में इनके विकास के लिए प्रावधान करना कानूनी है। डॉ0 उदित राज ने कहा कि यह लूट कब खत्म होगी, यह कहा नहीं जा सकता। इस तरह से इस बजट से दलित–आदिवासी बहुत ही निराश हैं।

हिन्दुओं की हार का कारण धर्मशास्त्र थे?

केशव

आप सबको बहुत से ऐसे लेख पढने को मिल जायेंगे जिनमे धर्म ग्रंथों को वैज्ञानिक होने का दावा किया जाता है, उनके लेखों में जनमानस को ये बताने की कोशिश की जाती है विमान से लेकर रॉकेट तक के निर्माण सामग्री उनकी धर्म पुस्तकों में उपलब्ध है। इस पर मैंने पहले भी लेख 'क्या धार्मिक पुस्तकें वैज्ञानिक हैं' बताया था की विज्ञान और धर्म दोनों एक दूसरे के विपरीत हैं, दोनों कभी भी एक नहीं हो सकते। बेशक आज अधिकतर हिन्दू इन ग्रंथों में लिखे तथाकथित विज्ञान को लेकर गर्व करते पर ये हकीकत है की हिन्दू इन शास्त्रों से कोई भी अविष्कार नहीं कर पाए उल्टा अपने को 'सर्वज्ञ' समझने के कारण हजारों साल तक विदेशियों द्वारा गुलाम और बने रहे।

प्रथम शताब्दी के ग्रीक इतिहासकार स्ट्रेबो ने अपनी पुस्तक द ज्योग्राफी ऑफ स्ट्रेबो, अनु होरेस लेनार्ड जोनिस VII पेज 61 में लिखा है 'हिन्दुओं का सैन्य विज्ञान का अर्थ केवल सीधे–सीधे लड़ना–मरना रहा है, हिन्दू लोग विज्ञानों की सही–सही जानकारी प्राप्त करने की ओर ध्यान नहीं देते, कुछ विज्ञानों जैसे सैन्य विज्ञान में ज्यादा प्रशिक्षण प्राप्त करने को पाप समझते हैं'। स्ट्रेबो ने जो कुछ लिखा वो प्रथम दृष्टि से बिलकुल सही है क्यों की नीतिशास्त्रो के लेखक ब्राह्मण थे जो युद्ध में शामिल नहीं होते थे, उन्हें युद्ध क्षेत्र के विभिन्न एवं आकस्मिक जरुरतो और विशेष सामरिक स्थितियों का सीधे ज्ञान नहीं था। अतः वे पुरानी व घिसीपिटी व्यूह रचनाओं को दोहरा सकते थे जिन्हें दुनिया के दूसरे देश बहुत पहले ही छोड़ चुके थे।

उधर, क्षत्रियों को युद्ध क्षेत्र में मात्र लड़ने का अधिकार था ना की विद्या का, विद्या पर तो ब्राह्मण का एकछत्र अधिकार था इस के कारण सैन्य विज्ञान समय के मुताबिक विकसित नहीं हो पाया, जबकि दूसरे देश के लोगों ने अपने अनुभव के आधार पर और परस्थितियों के अनुरूप सैन्य विज्ञान का खूब उन्नत किया। परिणाम ये हुआ की भारत के लोग आसानी से विदेशियों के आधुनिक हथियारों के आगे घुटने टेक देते थे, हिन्दू सैनिक (सैनिक नहीं भीड़ कहिये) संख्या में ज्यादा होने के बाद भी मुट्ठी भर विदेशियों के सामने टिक नहीं पाते थे।

ब्राह्मणों ने ऐसे धर्मशास्त्रों को लिखा एवं बनाया जिससे पूरा समाज लगभग 7000 जातियों में बंट गया। सभी जातियों के अलग–अलग पेशे निर्धारित कर दिए गए। बहुसंख्यक लोगों को शूद्र बना दिया गया और इनका संबंध शासन–प्रशासन एवं ज्ञान से तोड़ दिया गया। ऐसे में ये क्यों चिंता करते कि देश पर राज किसका है। मुट्ठी भर हमलावर आते रहे और हुकूमत करते रहे। उनको बहुजन समाज अपने घरों और खेतों–खलिहानों से तमाशबीन की तरह देखते रहे। केवल एक जाति क्षत्रिय की ही जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की थी। यही लोग युद्ध रोक सकते थे लेकिन कभी कामयाब नहीं हुए। हारने व भागने वालों को वीर की उपाधि से आज भी नवाजा जाता है। राणा प्रताप ने हल्दी घाटी में भीलों की सेना को लेकर के अकबर की सेना से लड़ाई की और जब वह घिर गया तो भाग गया। बेचारे भील गाजर–मूली की तरह काट दिए गए। राणा प्रताप को वीर कहा गया और उनकी जगह–जगह पर मुर्तियां स्थापित की जाती हैं। माना कि अकबर की सेना के सामने राणा प्रताप की फौज नहीं टिक पाई तो कम से कम राणा प्रताप को अपनी सेना का साथ नहीं छोड़ना चाहिए था भले ही मौत के घाट चढ़ना पड़ता। भारत के इतिहास में ऐसे लोगों की पूजा की गई है, यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

हथियारों के क्षेत्र में आस–पास के देश प्रतिदिन प्रगति करते रहे, अपने हथियारों को ज्यादा कारगर और उन्नत करते रहे, पर हिन्दू इन सबसे आँखे मूँद कर अपने धर्म शास्त्रों में लिखे अलौकिक हथियारों को ही सर्वश्रेष्ठ समझते रहे।

1. 326 ईसा पूर्व में जब सिकंदर ने भारत पर आक्रमण किया उस के पास 'बैलिस्ट' और 'कैटेपल्ट' जो 300 गज तक की दूरी तक पत्थर, बरछी, तीर आदि फेंक सकते थे, जिस कारण वो भारत के एक के बाद एक राजाओं को आसानी से जीतता चला गया। लेकिन भारत में ऐसा कुछ सदियों तक नहीं बन सका।

2. 1398 में जब तैमूर लंग ने दिल्ली को घेरा तो दिल्ली के सुल्तान वजीर मल्लू खां के भारतीय सैनिकों के पास हथियार के नाम पर जंग लगी तलवारे और बांस के डंडे थे।

3. 1526 में जब पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ तो भी भारतीय सैनिको के पास बांस के धनुष और भाले थे जबकि विदेशियों के पास बंदूके थी।

4. 1527 में जब खानवा के युद्ध में राजपूतों के परखच्चे उड़ गए, बाबर के पास तोपे और बंदूके थी जबकि 'वीर' राजपूतों के पास हथियारों के नाम पर भाले और जंग लगी तलवारे थी, कईयों के पास तो केवल लाठियां थी। बाबर की तोपों ने देखते ही देखते राजपूतों की विशाल भीड़ को गाजर–मूली की तरह काट दिया। एक लाख से अधिक राजपूतों की भीड़ मात्र बीस हजार से भी कम बाबर के सैनिकों के सामने नहीं टिक पाई, जबकि 500 से अधिक हाथियों की फौजे भी थी सांगा के पास।

प्रसिद्ध इतिहासकार यदुनाथ सरदार ने लिखा है 'जैसे ही प्रचंड कोलाहल करती राजपूतों की विशाल भीड़ बाबर की ओर बढ़ी उन्होंने बिजली का सा प्रकाश होते हुए देखा, फिर भयानक गर्जना होते सुनी और अंत में धूमकेतु सा कुछ हवा में होता हुआ विशाल गर्म पत्थर उनके मध्य में आके गिरा, उस पत्थर के रास्ते में जो कुछ भी आया उसके परखच्चे उड़ गए, यहां तक की उसके सामने हाथी भी नहीं टिक पाए ...ये उस्ताद अली कुली की बड़ी तोप का पहला गोला था।

जो घुड़सवार बाबर के निकट पहुंच गए थे वे छोटे अग्नि स्फुरण से मारे गए, ये अग्नि स्फुरण भारतीय सैनिकों को छर्रों के समान तितर–बितर कर रहे थे ...ये बन्दुक की गोलियां थी। राजपूतों ने ऐसे हथियार पहले कभी नहीं देखे थे, देखते ही देखते लाखों राजपूतों की भीड़ इन हथियारों के सामने ढेर हो गई(भारत का सैन्य इतिहास, पेज 66)।

सोचिये क्या दशा रही होगी राजपूतों की जब उन्होंने पहली बार तोपों और बंदूकों को देखा और उसके

गोले और गोलियां खा के मरे होंगे? क्या असर पड़ा होगा हाथियों और घोडों पर जब उनके बीच तोप का गोला फटा होगा?

5. विडंबना देखिये, पिछली हारों से कोई सबक न लेकर राजपूत आगे भी अन्धविश्वास के कारण वही गलतियाँ जो सिकंदर से लेके अब तक करते रहे वही दोहराते रहे, 1576 में हल्दी घाटी के युद्ध में भी महाराणा प्रताप और अकबर के युद्ध में महाराणा प्रताप के पास न तो कोई बन्दुक थी और न ही कोई तोप जबकि अकबर के पास आधुनिक बंदूके और तोपे थी। तो कहने का मतलब ये है की अगर हिन्दू अपने धर्म ग्रंथो को 'सर्वज्ञ' और 'वैज्ञानिक' के झूठे घमंड में न रहते तो वो भी आधुनिक हथियार बना के दुश्मनों को उनके मांद तक खदेड़ और मार कर आते, और देश गुलाम होने से बच जाता, पर हिन्दू अपने झूठे अभिमान के कारण न कर सका और अपने धर्मग्रंथो में लिखी बातों से ही चिपटा रहा। अब भी ये ब्राह्मण अपने धार्मिक पुस्तकों में बदलाव करने को तैयार नहीं हैं। तमाम सामाजिक कुरीतियां और जाति–पाति बनाए रखने में ही प्रयासरत रहते हैं। चाहे जितना इसका कुप्रभाव शासन–प्रशासन और राजनीति पर पड़े, फिर भी कोई बदलाव नहीं आ रहा है।

इसके अलावा एक और कारण था जिसको नकारा नहीं जा सकता और वो है आपस में लड़ना–मरना, जिसका फायदा दुश्मनों ने खूब उठाया और इसका कारण भी ये धार्मिक पुस्तकें थी। इन्हीं धार्मिक शास्त्रों में लिखे होने के कारण क्षत्रियों के लिए अश्वमेध करने का अति लुभावना व पुण्यप्रद काम करने के लालच और कालिदास के 'यषसे विजिगीशुणाम' (अर्थात रघुवंश के राजा यश प्राप्त करने के लिए आस–पड़ोस के राजाओं को जीतते थे), इसका परिणाम ये हुआ की भारत के राजा लोग आपस में लड़ने–मरने लगे, उन्हें विदेशी आक्रमणकारियों की तरफ ध्यान ही नहीं दिया और आपसी फूट होने के कारण आसानी से हारते रहे। कई बार तो अपने पड़ोस के राजा को हराने के लिए ये लोग स्वयं ही विदेशियों को बुलाते थे, जैसे की राणा सांगा ने बाबर को बुलाया था।

(साभार– नवभारत टाइम्स)

आगामी 25 मार्च को जम्मू विधान सभा का घेराव

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ, प्रदेश इकाई, जम्मू के नेतृत्व में एससी/एसटी, ओबीसी तबकों के बेहतरी की मांगों को लेकर 25 मार्च, 2013 को विधान सभा का घेराव किया जाएगा। जम्मू के प्रेस क्लब पर हजारों की तादाद में इकट्ठे होकर जम्मू विधानसभा की ओर कूच करें। अंत में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

हमारी मुख्य मांगे– 1. नौकरियों, पदोन्नति में आरक्षण को पूरा का पूरा लागू करना, 2. एससी/एसटी प्लान को लागू करना, 3. मंडल कमीशन का 2 प्रतिशत से 27 प्रतिशत तक लागू करना, 4. शेड्यूल्ड ट्राइब्स को राजनीतिक आरक्षण दिलाना एवं अन्य।

संपर्क :

आर. के कलसोत्रा

प्रदेश अध्यक्ष, जम्मू कश्मीर

09419182452

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी–22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशिः

पांच वर्ष : 600 रुपए

एक वर्ष : 150 रुपए

रिटेल एफडीआई का सच

देविंदर शर्मा

यह मौजूदा मुद्दा में सबसे विवादित मुद्दा है। एक ऐसे समय जब राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है, प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह बार–बार कह रहे हैं रिटेल में एफडीआई को अनुमति देना बेहद जरूरी है, क्योंकि इससे निवेश आएगा। विकास दर छह प्रतिशत से नीचे आ जाने के बाद आर्थिक इंजन को चलाने के लिए उन्होंने अपनी सरकार तक को दांव पर लगाने की बात कही थी। सवाल यह है कि रिटेल में एफडीआई से कितना विदेशी निवेश आने की संभावना है?खुद सरकार के अनुमान के मुताबिक अगले पांच साल में मात्र तीन अरब डॉलर (करीब 16,500 करोड़ रूपए) ही देश में आने की संभावना है। यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। पिछले दिनों वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसयू) को चेताया है कि उनके पास जो ढाई लाख करोड़ रूपए की नकदी है उसे अर्थव्यवस्था में निवेश करें।

केवल पीएसयू ही नहीं, भारत का निजी उद्योग जगत भी नकदी के ढेर पर बैठा हुआ है। इसे पूंजी की जमाखोरी कहें या अतिरिक्त पूंजी, पिछले वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर भारतीय कंपनियों के पास 9.3 लाख करोड़ (166 अरब डॉलर) की नकदी या फिर ऐसे निवेश थे जिन्हें तुरंत नकदी में बदला जा सकता है और बाद भी सरकार रिटेल में एफडीआई खोलने के लिए पूरा जोर लगा रही है, जबकि इससे अगले पांच वर्षों में महज तीन अरब डॉलर मिलने की ही संभावना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अर्थव्यवस्था के प्रबंधन में भयानक रूप से गलत हो रहा है।

पूरी दुनिया पर नजर दौड़ाएं। यह समझ से परे है कि कोई समझदार व्यक्ति खासतौर पर कोई अर्थशास्त्री या फिर नीति नियंता, इस विडंबना को कैसे उचित ठहरा सकता है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था ऐसे समय में संकट में है जब अनेक उद्यमी नकदी के ढेर पर बैठे हुए है। अपेक्षा से कमजोर तिमाही में, जहां अनेक कंपनियां अपनी बिक्री के लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाई हैं, 500 बड़ी कंपनियां की बैलेंस शीट में धनराशि में 14 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इन 500 कंपनियों के पास 1500 अरब डॉलर की विपुल धनराशि जमा है। केवल आइटी कंपनी एपल के पास ही 117 अरब डॉलर की धनराशि है। यूरोप में क्या हालात हैं?अकेले यूरोप में उद्योगपतियों के हाथ में करीब 2000 अरब यूरो है। यूरोप में कामकाज करने वाली अमेरिकी कंपनियों के पास भी 2000 अरब डॉलर की राशि जमा है। इससे बिल्कुल साफ हो जाता है कि विश्व में पैसे की कोई कमी नहीं है। उद्योगपतियों के पास बेशुमार दौलत है। खजाने खाली हैं तो सरकारों के। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने दूसरी बार निर्वाचन के बाद जोर देकर कहा था कि अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए अमीरों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। बहुत से लोगों का कहना है कि ओबामा दोबारा इसलिए जीते, क्योंकि उन्होंने बहुसंख्या की भाषा बोली, 99 प्रतिशत की। किंतु जैसे ही चुनाव परिणाम घोषित हुआ, मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों ने अमीरों पर अधिक कर लगाने के उनके चुनावी वायदों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया।

राजकोषीय घाटा पाटने की दलील इतनी मजबूत है और राजनीतिक तबके में इसका इतना प्रभाव है कि यूरोपीय सरकारें भी यूरोप के ऋण संकट से निपटने के लिए आंख मूंदकर इस दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जबकि कोई भी सरकार भ्रष्टाचार पर हमला नहीं बोल रही है, जिससे यह राजकोषीय घाटा आसानी से पाटा जा सकता है। न ही निजी कंपनियों पर दबाव डाला जा रहा है कि वे अपने अतिरिक्त धनराशि को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में निवेश करें। तमाम देशों में अमीरों को बचाने के लिए गरीबों कीर जेब पर डाका डाला जा रहा है।

यूरोप में करोड़ों कामगार वेतन कटौती और सामाजिक सुरक्षा में कमी के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कटौतियों के कारण मंदी बढ़ रही है ओर बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ रही है। जाहिर है, इसके कारण लोगों में आक्रोश भी बढ़ रहा है। अमेरिका, यूरोप या फिर भारत हर जगह आम आदमी उन नीतियों पर गुस्से से भरा है जो सामाजिक सुरक्षा पर कुठाराघात कर रही हैं और मंदी में लोगों का जीना दूभर कर रही हैं, किंतु क्या संकट की इस घड़ी में गरीबों को ही बलि का बकरा बना देना चाहिए?जब अमीरों के पास बेशुमार दौलत है, तो फिर गरीबों को ही संकट का खामियाजा क्यों भुगतना चाहिए?आर्थिक व्यवस्था मुट्ठी भर लोगों की मुट्ठी में अपार धन जमा होने की अनुमति कैसे दे सकती है, जबकि लोगों का गुजारा भी नहीं हो पा रहा है।

जाने–माने अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड केयन्स ने कभी कहा था कि गिरावट की बजाय उभार की कटौती का सही समय है। पॉल क्रुगमैन ने समाधान पेश किया है– 2010 में कुछ बाज हमारे राजनीतिक जगत के आकाश में मंडराने लगे। ऐसे समय जब बड़े पैमाने पर बेरोजगारी फैल रही थी और रिकॉर्ड न्यून दरों पर ऋण दिया जा रहा था, जब अर्थव्यवस्था के सिद्धांत कह रहे हैं कि हमें और चाहिए, क्योंकि कम से काम चलने वाला नहीं है, राजकोषीय घाटे के बावजूद खर्च बढ़ाया जा रहा था तब हमारे राजनीतिक वर्ग को समझाया गया कि अर्थव्यवस्था की शीर्ष वरीयता घाटा कम करना है, न कि रोजगार उपलब्ध कराना। पॉल क्रुगमैन को पढ़कर और दुनिया भर में विरोध प्रदर्शनों को देखकर यह है कि कुछ औद्योगिक घराने फिरौती वसूलने के लिए अर्थव्यवस्था को बंधक बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पीएसयू को तो 2.5 लाख करोड़ रूपए की अतिरिक्त धनराशि अर्थव्यवस्था में डालने को कह रहे हैं जबकि इससे चार गुणा अधिक राशि रखने वाले निजी क्षेत्र के बारे में एक शब्द भी नहीं बोल रहे।

कुछ विचित्र कारणों से कटौती का मतलब हो गया है अमीरों और ताकतवरों को कर में छूट प्रदान करना और गरीबों पर कर लगाना। मंदी के दौरान जब सरकारों ने पूंजीपतियों को करीब 2,000 अरब डॉलर के बेलआउट पैकेज प्रदान किए थे, तब किसी अर्थशास्त्री ने राजकोषीय घाटे की चेतावनी नहीं दी थी। किसी भी अर्थशास्त्री ने हमें जनता के धन को बैंकों और उद्योगपतियों के बेलआउट में देने से मना नहीं किया था। यह गलत नीतियों का नतीजा है जो निजी क्षेत्र नकद के ढेर पर बैठा है और आम आदमी कटौती का दंश झेल रहा है। 20,000 अरब डॉलर की यह विपुल धनराशि सरकारों के खजाने से निकलकर बड़े व्यापारियों के हाथों में पहुंच गई। एक कठिन समय में जब इस धन की जरूरत जनता के लिए रोजगार उपलब्ध कराने, शिक्षा, स्वास्थ्य और खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए थी, तब यह अमीरों की जेब में चला गया। पूरा आर्थिक तंत्र पूरी तरह गलत सिद्धांत– 'मुनाफे का निजीकरण, लागत का सामाजीकरण' पर चल रहा है।

(लेखक आर्थिक नीतियों के विश्लेषक हैं)

(साभार–दैनिक जागरण)

ऑल इंडिया इन्कम टैक्स एस.सी./एस.टी इम्प्लाइज वेलफेयर फेडरेशन का चुनाव सम्पन्न

विनोद कुमार

आयकर विभाग का अनुसूचित जाति/जन जाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ के आंदोलन को सन् 1997 से पुरजोर समर्थन मिला था। उसका कारण यह भी था कि डॉ0 उदित राज इसी विभाग से थे। उनकी सक्रियता पहले से ही आयकर विभाग में रही है, जब 5 आरक्षण विरोधी आदेश कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी किये गए तो उस समय एक नेतृत्व की आवश्यकता अनुसूचित जाति/जन जाति के कर्मचारी–अधिकारी महसूस किये और अंततः उस समय के राम राज को राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। डॉ0 उदित राज ने 2003 में आयकर विभाग से जब इस्तीफा दिया तब से ऑल इंडिया इन्कम टैक्स एस.सी./एस.टी इम्प्लाइज वेलफेयर फेडरेशन की गतिविधियां शिथिल हुईं और धीरे–धीरे न के बराबर पहुंच गयीं। गत् कई वर्षों से जहां भी डॉ0 उदित राज देश के विभिन्न भागों में भ्रमण करते हैं, आयकर विभाग के लोगों की शिकायत आती रही कि उन्होंने विभाग को क्यों छोड़ दिया?इस पीड़ा से वे व्यथित रहे और जब अवसर आया तो फिर से आयकर विभाग के संगठन को 23 फरवरी, 2013 को गठित किया गया।

23 फरवरी को आंध्रा एसोसिएशन, लोधी रोड, नई दिल्ली में देश के कोने–कोने से आयकर विभाग के कर्मचारी–अधिकारी एकत्रित हुए। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, बिहार, उ0प्र0, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखंड आदि प्रदेशों से प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बहुत दिनों से सही नेतृत्व का अभाव रहा है और अब आयकर आयुक्त प्रीता हरित ने इसकी कमी पूरी कर दी है। प्रीता हरित बचपन से ही समाज की सेवा की भावना रखती थी और जैसे ही अवसर मिला, उस जिम्मेदारी को निभाने के लिए आगे आयीं। वे एक साहसी और मिशनरी व्यक्तित्व की धनी हैं और आशा है कि आयकर विभाग का संगठन उस ऊंचाई पर पहुंचेगा जहां पर डॉ0 उदित राज ने छोड़ा था। डॉ0 उदित राज ने श्रीमती प्रीता हरित को ऑल इंडिया का अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन सभी ने जोर–शोर से किया। नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर अनुसूचित जाति/जन जाति कर्मचारियों व अधिकारियों की तैनाती गलत स्थानों पर की जा रही है। जो ट्रांसफर एवं पोस्टिंग की पॉलिसी डॉ0 उदित राज के समय में बनी थी, उसे कुछ वर्षों तक तो लागू किया गया लेकिन संगठन की सक्रियता के अभाव में फिर से भारी धांधली होने लगी है। अभी तक एक भी एस.सी./एस.टी. समाज से बोर्ड का मेंबर एवं चेयरमैन नहीं हुआ है और अब इस दिशा में सार्थक प्रयास करने होगें। विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि जो भी समाज के हित में बाहर आंदोलन चल रहे हैं, उसे समर्थन दें। परिसंघ निजी क्षेत्र एवं पदोन्नति में आरक्षण के लिए संघर्ष कर रहा है और अब आयकर विभाग के संगठन से पूरा सहयोग मिलना चाहिए, ऐसी उम्मीद है। प्रीता हरित के अतिरिक्त जिन प्रमुख लोगों को चुना गया, वे निम्नलिखित हैं :–

मुख्य संरक्षक : डॉ0 उदित राज
संरक्षक : बी.सी. मीणा, आईआरएस
एवं सुबचन राम, आईआरएस
अध्यक्ष : प्रीता हरित, आईआरएस
उपाध्यक्ष : राम अवतार गौतम
महासचिवः अरविंद एस. रामटेके
सचिव : पी.एस. कनौजिया, राम पाल, एवं अन्ना मेश्राम,
कोषाध्यक्ष : रमेश चन्द्र
सह कोषाध्यक्ष : नैन सिंह

बांये से प्रीता हरित, डॉ. उदित राज, राज कुमार वेरका (उपाध्यक्ष, अनसुचित जाति आयोग)।

There is a Scam of Rs. 41737 crore for SCs & Rs. 17051 crore for STs in 2013-14 Budget

Dr. Udit Raj, National Chairman, All India Confederation of SC/ST Organizations said that the Budget for 2013-2014 has been presented by the Finance Minister, Shri P. Chidambaram today the 28th February, 2013. The allocation earmarked for SC/ST people in this budget is half of the intended allocation and this highhandedness has been going on for several years. According to the Scheduled Caste Sub-Plan (SCP), the allocation for the Scheduled Caste people should have been in proportion to their population. According to the 2001 Census, population of the Scheduled Caste people is 16.2% of the total population but for the purpose of allocation of funds for reservation and other Government benefits, the yardstick continues to be 15%. In this budget, the total amount of the Plan budget is Rs. 5,55,322 crore and even if it is calculated on the basis of 15% , the allocation for Scheduled Castes should have been Rs. 83,298.3 crore whereas provision in the budget for this purpose has been made for just Rs. 41,561 crore.This works out to just half of the figure of Rs. 83,298.3 crore.Thus there is a big scam of Rs. 41,737 crore.

Dr. Udit Raj further said that the allocation for Schedled Tribes in the budget is made taking their population to be 7.5% when actually their population has increased to 8.4% . In the Plan Budget, a sum of Rs. 24,598 crore has been earmarked for Scheduled Tribes and here also there is a scam of Rs. 17051 crore. In proportion to their population, for the Scheduled Tribes, there should have been an allocation of Rs. 41,649.15 crore According to the Tribal Sub Plan (TSP), the budget allocation should have been in proportion to their population whereas it has never been done so and the same policy holds good for Scheduled Castes. If we take into account this type of scam which has been going on for several years, then the amount will run into several lakh crores. The exact allocations for different Ministries under different heads can be known after a detailed study of the budget and only then some comments can be made. It is quite likely that schemes which could bring about far-reaching changes in the lives of SC/ST people might not have been made. If allocations are viewed after taking into account the total amount of the budget including non-plan amount, the situation is very desperate. The total budget amount for 2013-214 is Rs. 16,65,297 crore . In the year 2013, the Congress Government in Andhra Pradesh made a law that allocations in the budget for the development SC/ST people should be in proportion to their population. Dr. UIdit Raj said that it is difficult to say when this scam will end . Thus, Scheduled Caste and Scheduled Tribe people are extremely dissatisfied with this budget.

20 अप्रैल को झूलेलाल मैदान, नजदीक-लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में
विशाल रैली
